संख्या–277 / 2026 / आई0 / 1517845 / 2026–5–6099 / 93 / 2026–6

प्रेषक,

रितु माहेश्वरी,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–6 लखनऊः दिनांक 06 नवम्बर, 2026

विषयः–प्रदेश के सेवारत एवं सेवानिवृत्त शासकीय कर्मियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को आनलाइन प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–220 / 2026 / आई0 / 1456607 / 2026–5–6099 / 93 / 2026–6 दिनांक 09–09–2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश के सरकारी सेवकों (सेवारत / सेवानिवृत्त) के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के निस्तारण की प्रक्रिया को डिजिटल, समयबद्ध, मानकीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जनहित स्वास्थ्य पोर्टल (https://janhit.dgmhup.in/) को मानव संपदा पोर्टल से इंटीग्रेट किया गया है, जिस पर नवीन व्यवस्था के अनुरूप बिल / दावा आनॅलाइन किया जायेगा। जनपद स्तर पर विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा प्रस्तुत किए गए चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे संबंधित विभाग के जनपदीय नोडल अधिकारियों को जनहित स्वास्थ्य पोर्टल के माध्यम से सीधी उपलब्धता होगी तथा पेपर बेस्ड पत्राचार की आवश्यकता नहीं होगी।

2– चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नवीन पोर्टल पर उपलब्ध आकड़ों के विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ है कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जनहित स्वास्थ्य पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा रहे चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्बन्धी आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। उक्त के दृष्टिगत जनहित स्वास्थ्य पोर्टल पर शासन के वरिष्ठ अधिकारियों / विभागाध्यक्ष / जिलाधिकारी हेतु एक डैशबोर्ड विकसित किया गया है जिसके माध्यम से विभागवार चिकित्सा प्रतिपूर्ति आवेदनों की स्थिति, लम्बित प्रकरणों की संख्या, निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं समय सीमा से अधिक लम्बित आवेदन, जनपदवार लम्बित प्रकरण तथा वित्तीय विवरणों की समीक्षा की जा सकेगी।

3– विभिन्न विभागों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त शासकीय कर्मियों द्वारा वर्तमान में विकसित चिकित्सा पोर्टल पर प्रस्तुत किये गये चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को कार्यालयाध्यक्ष (रिपोर्टिंग अधिकारी) द्वारा 15 दिन के अन्दर फारवर्डिंग लेटर डाउनलोड कर हस्ताक्षरित करते हुए अपलोड किया जायेगा, जिससे प्रश्नगत दावा स्वतः मुख्य चिकित्सा अधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के लॉगिन पर प्रदर्शित होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा 30 दिनों की अवधि में दावे का तकनीकी परीक्षणोपरान्त निस्तारण करके कार्यालयाध्यक्ष (रिपोर्टिंग अधिकारी) को प्रेषित करेगा। तदोपरान्त विभाग द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा संस्तुत की गयी धनराशि का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

4– उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारियों हेतु **जनहित स्वास्थ्य पोर्टल (https://janhit.dgmhup.in/)** पर यूजर नेम एवं पासवर्ड लॉगिन आई0डी0 बनाये गये है जिससे अपने अधीनस्थ विभिन्न विभाग में प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या स्वीकृत/निरस्त/लम्बित आवेदनों की संख्या निर्धारित समय सीमा के भीतर लम्बित एवं समय सीमा से अधिक लम्बित आवेदनों की संख्या तथा इसके साथ ही साथ कार्यालयाध्यक्ष (रिपोर्टिंग अधिकारी), मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्तर पर लम्बित आवेदनों की संख्या डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होगी, जिसके अनुसार उपलब्ध सूचनाओं का नियमित रूप से अवलोकन करते हुए लम्बित प्रकरणों के निस्तारण हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए अनुश्रवण की कार्यवाही की जा सकेगी।

5– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया
रितु माहेश्वरी
सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,
रितु माहेश्वरी
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

जिलाधिकारी के उपयोगार्थ यूजर नेम (User name) एवं पासवर्ड (Password) की सूची

1	Agra	DM_Agra	Admin@1234
2	Aligarh	DM_Aligarh	Admin@1234
3	Ambedkar Nagar	DM_Ambedkar_Nagar	Admin@1234
4	Amethi	DM_Amethi	Admin@1234
5	Auraiya	DM_Auraiya	Admin@1234
6	Ayodhya	DM_Ayodhya	Admin@1234
7	Azamgarh	DM_Azamgarh	Admin@1234
8	Baghpat	DM_Baghpat	Admin@1234
9	Bahraich	DM_Bahraich	Admin@1234
10	Ballia	DM_Ballia	Admin@1234
11	Balrampur	DM_Balrampur	Admin@1234
12	Banda	DM_Banda	Admin@1234
13	Barabanki	DM_Barabanki	Admin@1234
14	Bareilly	DM_Bareilly	Admin@1234
15	Basti	DM_Basti	Admin@1234
16	Bhadohi	DM_Bhadohi	Admin@1234
17	Bijnor	DM_Bijnor	Admin@1234
18	Budaun	DM_Budaun	Admin@1234
19	Bulandshahr	DM_Bulandshahr	Admin@1234
20	Chandauli	DM_Chandauli	Admin@1234
21	Chitrakoot	DM_Chitrakoot	Admin@1234
22	Deoria	DM_Deoria	Admin@1234
23	Etah	DM_Etah	Admin@1234
24	Etawah	DM_Etawah	Admin@1234
25	Farrukhabad	DM_Farrukhabad	Admin@1234
26	Fatehpur	DM_Fatehpur	Admin@1234
27	Firozabad	DM_Firozabad	Admin@1234
28	Gautam Buddha Nagar	DM_Gautam_Buddha_Nagar	Admin@1234
29	Ghaziabad	DM_Ghaziabad	Admin@1234
30	Ghazipur	DM_Ghazipur	Admin@1234
31	Gonda	DM_Gonda	Admin@1234
32	Gorakhpur	DM_Gorakhpur	Admin@1234
33	Hamirpur	DM_Hamirpur	Admin@1234
34	Hapur	DM_Hapur	Admin@1234
35	Hardoi	DM_Hardoi	Admin@1234
36	Hathras	DM_Hathras	Admin@1234
37	J.P.Nagar (Amroha)	DM_J.P.Nagar_(Amroha)	Admin@1234
38	Jalaun	DM_Jalaun	Admin@1234
39	Jaunpur	DM_Jaunpur	Admin@1234
40	Jhansi	DM_Jhansi	Admin@1234
41	Kannauj	DM_Kannauj	Admin@1234

http://shasanadesh.up.nic.in

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

42	Kanpur Dehat	DM_Kanpur_Dehat	Admin@1234
43	Kanpur Nagar	DM_Kanpur_Nagar	Admin@1234
44	Kasganj	DM_Kasganj	Admin@1234
45	Kaushambi	DM_Kaushambi	Admin@1234
46	Kushi Nagar	DM_Kushi_Nagar	Admin@1234
47	Lakhimpur - Kheri	DM_Lakhimpur_-_Kheri	Admin@1234
48	Lalitpur	DM_Lalitpur	Admin@1234
49	Lucknow	DM_Lucknow	Admin@1234
50	Maharajganj	DM_Maharajganj	Admin@1234
51	Mahoba	DM_Mahoba	Admin@1234
52	Mainpuri	DM_Mainpuri	Admin@1234
53	Mathura	DM_Mathura	Admin@1234
54	Mau	DM_Mau	Admin@1234
55	Meerut	DM_Meerut	Admin@1234
56	Mirzapur	DM_Mirzapur	Admin@1234
57	Moradabad	DM_Moradabad	Admin@1234
58	Muzaffarnagar	DM_Muzaffarnagar	Admin@1234
59	Pilibhit	DM_Pilibhit	Admin@1234
60	Pratapgarh	DM_Pratapgarh	Admin@1234
61	Prayagraj	DM_Prayagraj	Admin@1234
62	RaeBareli	DM_RaeBareli	Admin@1234
63	Rampur	DM_Rampur	Admin@1234
64	Saharanpur	DM_Saharanpur	Admin@1234
65	Sambhal	DM_Sambhal	Admin@1234
66	Sant Kabir Nagar	DM_Sant_Kabir_Nagar	Admin@1234
67	Shahjahanpur	DM_Shahjahanpur	Admin@1234
68	Shamli	DM_Shamli	Admin@1234
69	Shravasti	DM_Shravasti	Admin@1234
70	Siddharth Nagar	DM_Siddharth_Nagar	Admin@1234
71	Sitapur	DM_Sitapur	Admin@1234
72	Sonbhadra	DM_Sonbhadra	Admin@1234
73	Sultanpur	DM_Sultanpur	Admin@1234
74	Unnao	DM_Unnao	Admin@1234
75	Varanasi	DM_Varanasi	Admin@1234

http://shasanadesh.up.nic.in

1. यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2. इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।